बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13 / 2024 2007 पटना, दिनांक 16/06/2026

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 95 दिनांक 02.02.2026 द्वारा सुश्री अनुराधा कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11052) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि ये बिना अवकाश आवेदन स्वीकृत कराए दिनांक 05.01.2026 से 31.01.2026 तक अनुपस्थित थी एवं दिनांक 02.02.2026 को योगदान किया जाना था, परन्तु पुनः दिनांक 31.03.2026 तक के लिए अवकाश की सूचना वाट्सेप के माध्यम से दी गयी।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1024 दिनांक 24.03.2026 द्वारा सुश्री अनुराधा से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण के साथ चिकित्सीय साक्ष्य संलग्न करते हुए दिनांक 17.02.2026 को शिविर में योगदान कर कार्य किए जाने की बात अंकित की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर पत्रांक 412 दिनांक 13.05.2026 द्वारा प्राप्त है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन/मंतव्य की समीक्षा की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य है कि सुश्री अनुराधा द्वारा दिनांक 17.02.2026 को योगदान कर लिया गया है। साथ ही भविष्य के लिए चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के मंतव्य से सुश्री अनुराधा द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की सत्यता प्रमाणित हो रही है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा के आलोक में अनुपस्थित अवधि के लिए कार्य नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत पर सुश्री अनुराधा कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11052) को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

Suharsh 15/06/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13 / 2024 2007 **पटना, दिनांक** :– 16/06/2026

प्रतिलिपि :– सुश्री अनुराधा कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11052), बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 15/06/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13 / 2024 2007 **पटना, दिनांक** :– 16/06/2026

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 15/06/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13 / 2024 2007 **पटना, दिनांक** :– 16/06/2026

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suharsh 15/06/26.

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप